श्रावण शुक्ल पक्ष द्वादशी 8:06 उपरांत त्रयोदशी, विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 17 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 271, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



पदकों के सफर को तैयार पैरालंपिक दल 17
करीना कपूर ने पति सैफ को दी जन्मदिन की बधाई 18

## इसरो ने लॉन्च किया ईओएस-08 रॉकेट




श्रीहरिकोटा, एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को यहां अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी)-डी3 की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान के जरिए भू-प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-08 और एसआर-ओ डेमोसैट उपग्रह को उनकी निर्धारित कक्षाओं में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। इस यान के जरिए ले जाए गए पेलोड का इस्तेमाल उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा और पर्यावरण निगरानी, आग लगने का पता लगाने और ज्वालामुखी गतिविधि प्रेक्षण जैसे कई कार्यों में किया जाएगा। एलवी-डी3 की इस उड़ान ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान का उपयोग करके प्रक्षेपण करने के उद्देश्य से उद्योग और इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' के बीच गठजोड़ का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने यहां मिशन नियंत्रण केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'ईओएस-08 उपग्रह के प्रक्षेपण के साथ तीसरी विकासात्मक उड़ान एलवी-डी3 सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। रॉकेट ने अंतरिक्षयान को योजना के अनुसार निर्धारित कक्षा में एकदम स्टीकता से स्थापित कर दिया है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों को नए प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी)-डी3 के सफल प्रक्षेपण के लिए बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि यह प्रक्षेपण यान अंतरिक्ष मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और निजी उद्योग को प्रोत्साहित करेगा।

# जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में, हरियाणा में एक चरण में चुनाव

## निर्वाचन आयोग ने की विधानसभा चुनावों की घोषणा, दोनों विधानसभाओं के लिए 4 अक्टूबर को होगी मतों की गिनती

नई दिल्ली, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच तीन चरणों में, जबकि हरियाणा में एक ही चरण में 1 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि दोनों विधानसभाओं के लिए मतों की गिनती 4 अक्टूबर को होगी। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।



राजीव कुमार ने इस बहुप्रतीक्षित चुनाव के कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए कहा कि 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले चरण के तहत 18 सितंबर को मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आखिरी चरण का मतदान 1 अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती 4 अक्टूबर को की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोग के एक दल ने जम्मू-कश्मीर का दौरा भी किया था और उसके बाद वह वहां मौसम ठीक होने और अमरनाथ यात्रा खत्म होने का इंतजार कर रहा था। केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। जम्मू-कश्मीर में पिछला विधानसभा चुनाव 2014 के नवंबर-दिसंबर में पांच चरणों में हुआ था। तब यह एक राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था। हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट के लिए 1 अक्टूबर को मतदान होगा। कुमार द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 5 सितंबर को जारी होगी तथा नामांकन 12 सितंबर तक दाखिल किए जा सकते हैं। कुमार ने बताया कि मतदान एक चरण में 1 अक्टूबर को होगा तथा 4 अक्टूबर को मतगणना होगी।

**मतदान**
- कश्मीर: 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर
- हरियाणा: 1 अक्टूबर

### लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करेगा यह चुनाव : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया और कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने के साथ ही क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलेगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'मैं निर्वाचन आयोग द्वारा आज जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा किए जाने का स्वागत करता हूं। पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार ने लगातार कई पहलों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने का एक नया युग स्थापित किया है।'

# प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे नहीं रहेगा कोई इंसान : योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने स्वाधीनता दिवस पर की जीरो पॉवर्टी स्टेट बनाने की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश के 78वें स्वाधीनता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को ''जीरो पॉवर्टी स्टेट'' बनाने की घोषणा की। साथ ही, निजी कंपनियों के निवेश, स्व-उद्योग और सरकारी नौकरियों के जरिए लाखों युवाओं को रोजगार देने का वादा भी किया।

मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता दिवस पर विधान भवन के समक्ष ध्वजारोहण के बाद कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान के लोगों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे कोई इंसान न रहे, इसका लक्ष्य हर हाल में पूरा होगा। इसके लिए प्रत्येक परिवार को फैमिली आईडी उपलब्ध कराई जाएगी। हम छह करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में सफल रहे हैं।

युवाओं पर खास फोकस करते हुए योगी ने कहा कि युवा भारत के विकास की धुरी हैं, विकसित भारत के निर्माण के लिए इन युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना' की घोषणा करते हुए कहा कि इससे 50 लाख युवाओं के लिए रोजगार का सृजन होगा। योजना के अंतर्गत नौकरी के बजाय उद्यम के लिए इच्छुक युवाओं को आर्थिक रूप से सरकार सहयोग करेगी। प्रदेश में अब तक हुए निवेश से एक करोड़ 62 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने में मदद मिली है। इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से अब तक 62 लाख से ज्यादा युवाओं को स्वरोजगार से भी जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से विगत साढ़े 7 वर्ष में 6.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। इस साल भी सिपाही भर्ती समेत अन्य भर्ती के जरिए लाखों को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी मिलेगी।



- निजी कंपनियों, स्व उद्योग और सरकारी नौकरियों से लाखों युवाओं को रोजगार देने का किया वादा

### अराजकता की दुंदुभी बजा रहे तत्वों से रहें सतर्क

78वें स्वाधीनता समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की उत्तम कानून व्यवस्था से जुड़े तथ्य रखने के साथ ही संभावित खतरों को लेकर भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि विकास और बदलाव के इस क्रांति काल में कुछ लोग अपनी कुत्सित मंशा से समाज में वैमनस्यता पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोधियों का बगैर नाम लिए कहा कि जाति और पंथ के नाम पर समाज में विषघोलने वाले ऐसे स्वार्थी तत्वों के षड्यंत्रों को सफल नहीं होने देना है। मुख्यमंत्री योगी ने सही नीति, साफ नीयत और सफल क्रियान्वयन से दंगा मुक्त प्रदेश समेत अपराधों में उल्लेखनीय कमी का भी ब्योरा दिया।

### बरेली के एसएसपी को योगी ने दी बधाई

योगी ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक के लिए इस वर्ष तीन अधिकारियों का चयन किया गया है। इनमें अनुराग आर्य (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली), विपुल कुमार सिंह (पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ, लखनऊ) व अरुण कुमार (हेड कॉन्सटेबल, बिजनौर) का जिक्र करते हुए कहा कि पुलिस बल के जिन जवानों ने उत्तर प्रदेश के अंदर रूल ऑफ लॉ के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान दिया है, वे सभी अभिनंदन के पात्र हैं। इस वर्ष प्रदेश की गृह विभाग की टीम ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

### छात्रा पर एसिड फेंकने वाले मुठभेड़ में गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** एलएलबी की छात्रा पर एसिड अटैक के दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से दोनों आरोपी अतुल कुमार व सतीश कुमार घायल हो गए। मुख्य आरोपी अतुल एलएलबी का छात्र है। माधोटांडा क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले अधिवक्ता ओमप्रकाश के यहां एलएलबी छात्रा पिंकी पाल बतौर मुंशी काम करती है। 13 अगस्त को देर शाम ओमप्रकाश और पिंकी कचहरी से बाइक से घर जा रहे थे। रिछोला पुलिस चौकी के पास बाइक सवार दो युवकों ने उन पर एसिड फेंक दिया, जिससे दोनों झुलस गए। एसपी अविनाश पांडे ने आरोपियों की गिरफ्तारी को चार टीम लगाई थीं।

**सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2019**

# हाईकोर्ट ने रद की 69 हजार अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2019 की 1 जून 2020 को जारी चयन सूची व 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 की चयन सूची को रद कर दिया है। कोर्ट नए सिरे से चयन सूची बनाने के आदेश दिए हैं।

कोर्ट ने इस संबंध में 13 मार्च 2023 के एकल पीठ के आदेश को संशोधित करते हुए यह भी निर्णय दिया है कि सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित मेरिट में आने पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी में ही माइग्रेट किया जाएगा। न्यायालय ने यह भी कहा है कि हमारे द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार दिए जाने वाले ऊर्ध्वाधर आरक्षण का लाभ, क्षैतिज आरक्षण को भी देना होगा। कोर्ट ने इसी भर्ती परीक्षा के क्रम में आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 की चयन सूची को खारिज करने के एकल पीठ के निर्णय में कोई हस्तक्षेप न करते हुए तीन माह में नई सूची जारी करने को कहा है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि नई सूची तैयार करने के दौरान यदि वर्तमान में कार्यरत कोई अभ्यर्थी प्रभावित होता है तो उसे सत्र का लाभ दिया जाए। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश वह अध्ययन कर रहा है। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।



- नए सिरे से सूची बनाने का दिया निर्देश

### पीठ ने किया संशोधन

खंडपीठ ने अपने निर्णय में कहा है कि सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित मेरिट के मार्क्स लाने पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी में ही माइग्रेट किया जाए। कोर्ट ने कहा कि आरक्षण के संबंध में आरक्षण अधिनियम की संबंधित धारा के अपेंडिक्स एक का नई सूची बनाते समय पालन किया जाए।











# देश में हो सेक्युलर सिविल कोड: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लगातार 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सेक्युलर सिविल कोड और वन नेशन, वन इलेक्शन को समय की जरूरत बताया।

मोदी ने भाषण में बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा का भी मुद्दा उठाया। लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। मोदी ने कहा कि हमारे देश में सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार यूनिफॉर्म सिविल कोड पर चर्चा की है। अनेक बार आदेश दिए हैं, क्योंकि देश का एक बहुत बड़ा वर्ग मानता है कि जिस सिविल कोड को लेकर हम जी रहे हैं, वह एक तरह से कम्युनल सिविल कोड है। ऐसे कानून जो धर्म के आधार पर देश को बांटते हों, उनका आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में 75 हजार नई मेडिकल सीटें बनाई जाएंगी, ताकि भारत से विदेश पढ़ाई करने न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि हर साल भारत के कई युवा अलग-अलग देशों में मेडिकल पढ़ाई करने जाते हैं। अधिकतर मिडिल क्लास परिवार के बच्चे जाते हैं। वे लाखों रुपये खर्च करते हैं।



- लाल किले से पीएम ने किया 75 हजार नई मेडिकल सीटों का ऐलान

### एक समय पर चुनाव कराने की वकालत की

प्रधानमंत्री ने एक पर चुनाव कराने की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि देश में बार-बार चुनाव गतिरोध पैदा कर रहे हैं। हर छह महीने में कहीं न कहीं चुनाव हो रहे हैं। इसलिए देश में व्यापक चर्चा हुई है। सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए देश को आगे आना होगा।

# मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर न डालें

## विद्युत नियामक आयोग ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर बिजली कंपनियों को दिए आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने कहा कि बिजली कंपनियां प्रीपेड स्मार्ट मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाल सकती हैं। बिजली कंपनियों की ओर से दाखिल पुनरोद्धार वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के खर्च अनुमोदन की याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह ने यह फैसला सुनाया।

आयोग ने कहा कि प्रीपेड मीटर पर होने वाला कोई भी खर्च किसी भी रूप में बिजली दर हो या बिजली कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता हो, बिजली कंपनियां प्रदेश के उपभोक्ताओं पर आर्थिक भार नहीं डाल सकती हैं। नियामक आयोग ने कहा कि बिजली कंपनियां राजस्व वसूली संबंधी अपनी 'कलेक्शन एफिशिएंसी' और दक्षता के आधार पर इसकी भरपाई स्वयं करें। मालूम हो कि केंद्र सरकार की योजना के तहत पूरे प्रदेश में सभी उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। केंद्र सरकार ने कहा था कि विद्युत नियामक आयोग इस खर्च को आम जनता पर न पड़ने दे। इस सिलसिले में केंद्र सरकार की ओर से आयोग को आदेश भी जारी किया गया था। नियामक आयोग ने केंद्र सरकार के निर्देश के क्रम में फैसला सुनाया।



### बिजली कंपनियों ने 45% अधिक दरों पर दिया है टेंडर

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि प्रदेश की बिजली कंपनियों के लिए सबसे बड़ा संकट का समय यह है कि केंद्र सरकार ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए लिए 18,885 करोड़ लागत की योजना को अनुमोदन दिया है, पर कंपनियों ने मीटर लगाने के लिए निजी संस्थाओं को 45 प्रतिशत अधिक 27,342 करोड़ का टेंडर दिया है। ऐसे में कंपनियां इसकी भरपाई कैसी करेंगी। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अभी समय है कि कंपनियां टेंडर की दरों पर पुनर्विचार करें।

# आप सभी देशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

15 AUGUST

INDEPENDENCE DAY



आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



इबरार खां
सपा नेता
पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी
साहबगंज
नगर पंचायत अल्हागंज शाहजहांपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के अभिभावकों छात्रों शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं

आर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ITI
पता- हुल्लापुर चौराहा अल्लाहगंज शाहजहांपुर उ०प्र०
भारत सरकार एनसीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान कोड-2919



प्रवेश प्रारंभ
2024-26 बैच
भारत सरकार द्वारा कराई गई आईटीआई ग्रेडिंग में जनपद में प्रथम तथा मंडल में चौथा स्थान प्राप्त हुआ
आई.टी.आई. ; ट्रेड फिटर ; इलेक्ट्रिशियन
http://वेबसाइट-rkprivateiti.com
ईमेल-rkitiallahaganj@gmail.com
वैष्णव कुमार गुप्ता (डायरेक्टर)
मोबाइल नंबर 8565909027,9451511129

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



खाना बनाओ भरोसे प्यार
भारत गैस का है उपहार
एसपी भारत गैस एजेंसी
अल्हागंज शाहजहांपुर
प्रोपराइटर
सूरजपाल सिंह बाबूजी

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दीपेंद्र कुमार सिंह प्रधानाध्यापक
पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय वि.खं. सिंधौली शाहजहांपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सैय्यद अब्दुल कादिर
DRX (समाजसेवी)
ग्राम पंचायत जमुनियां
सिंधौली शाहजहांपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अंगूरी कश्यप
प्रधान
ग्राम पंचायत जिगनिया
खुदागंज

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



हिंदुस्तान इंटरप्राइजेज
कोरोंकुइयां
जनपद शाहजहांपुर
प्रोपराइटर
शाहिद खान

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


पूनम प्रधान
संदीप सिंह प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत भुन्डी खुदागंज

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कुंवर सेन
प्रधान
ग्राम पंचायत मढैया खास, खुदागंज

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मारवाह मॉडर्न स्कूल
खुटार रोड, पुवायां



तारा सिंह- डायरेक्टर

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं



आलोक अग्रवाल
प्रबंधक
पक्का तालाब खुदागंज

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



चंद्र पब्लिक स्कूल
मझिला खुदागंज
बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शीघ्र प्रवेश ले स्थान सीमित
सुमन पाल सिंह
प्रबंधक

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



फरहान आलम
खिल्लन
एडवोकेट / ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत जलालपुर खुदागंज

आप सभी क्षेत्रवासियों स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



लखपत सिंह चौहान
अध्यक्ष
ग्राम प्रधान संघ, खुदागंज

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

SCHOOL No. 61419

CHANDI CONVENT SCHOOL

Affiliated to C.B.S.E. New Delhi

Senior Secondary School

From NC to IX,XI

A Co- educational English Medium School



Baldev Singh
Director
Preeti Choudhary
Principal

Khutar Road Gangsara

M. 9170381025, 9956764700, 9794663477, 9026174945

## अनियंत्रित होकर पलटा टेंपो, छात्रा समेत तीन लोग गंभीर घायल

बीसलपुर। बीसलपुर-शाहजहांपुर मार्ग पर सवारी लेकर जा रहे टेंपो के सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार एक छात्रा समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। हादसा शुक्रवार दोपहर एक बजे का है। पीलीभीत मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा श्वेता टेंपो में बैठकर अपने गांव जिंदपुरा जा रही थी। ईदगाह चौराहे पर टेंपो में खनका निवासी अंकुर की पत्नी राजेश्वरी देवी और इसी गांव के रहने वाले हरीश कुमार की पत्नी उषा देवी भी टेंपो में बैठी थी। जैसे ही टेंपो गांव रोहनिया के पास पहुंचा। तो सामने से आ रहे दूसरे टेंपो को बचाने के चक्कर में टेंपो अनियंत्रित हो गया। जिस वजह से वह सड़क से नीचे खाई जा पलटा। जिसमें सवार तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। टेंपो पलटते ही चीख पुकार मच गई और मौके पर आसपास के लोग पहुंच गए। उन्होंने मुश्किल टेंपो को सीधा कर दबी हुई सवारियों को बाहर निकाला। इधर, सूचना आई पुलिस ने घायलों एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया।

# फेरी लगाकर मांस बेच रहे थे तस्कर, लोगों ने दौड़ाया

## सूचना देने पर दो घंटे तक नहीं पहुंची पुलिस, लोगों ने किया जमकर हंगामा, तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** फेरी लगाकर मांस बेच रहे तस्करों को एक व्यक्ति ने रोका तो उसके साथ हाथापाई कर दी। शोर होने पर आसपास के लोग जमा हुए तो तस्कर दो बाइकों पर सवार होकर छह तस्कर मांस छोड़कर भाग गए। इसकी सूचना देने के बावजूद दो घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इस पर लोगों ने जमकर हंगामा किया। बाद में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कस्बे में गोकशी की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। तस्कर गोवध करने के बाद मांस फेरी लगाकर बिक्री कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह लगभग चार बजे नगर के मोहल्ला साहूकारा के वार्ड नंबर सात में दो बाइकों पर छह तस्कर मांस लेकर बिक्री करने जा रहे थे। मांस पॉलिथीन में पैक था। गली से गुजरते समय घर के बाहर टहल रहे रमेश यादव ने बदबू आने पर बाइक सवार तस्कर को रोका और गठरी चेक कराने को कहा। इस पर तस्करों ने उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी। शोर होने पर तस्कर पीछे आए अपने साथियों की बाइक पर बैठकर भाग गए। इसके बाद मोहल्ले के लोग इकट्ठे हो गए। उनकी गठरियों को चेक किया गया तो उनमें मांस निकला। जिससे खून टपक रहा था।


मांस पकड़े जाने के बाद मौके पर एकत्र लोग।


सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मांस कब्जे में ले लिया।

रमेश ने बताया कि दो बाइकों पर छह तस्कर सवार थे। इसकी जानकारी लगने पर राष्ट्रीय बजरंग दल, भारतीय बजरंग दल, हिन्दू युवा वाहिनी, राष्ट्रीय योगी सेना, दुर्गा सेना व महावीर सेना के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और मामले की सूचना पुलिस को दी। मगर करीब दो घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इस पर लोग भड़क गए और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया। पुलिस ने मांस कब्जे में ले लिया है, जिसे परीक्षण के लिए भेजा गया है।

> एक स्थान पर मांस बरामद हुआ है। उसे जांच के लिए लैब भेजा गया है। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
> –विशाल चौधरी, सीओ

इधर, सीओ विशाल चौधरी ने भी मौका मुआयना किया। इस रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए। पुलिस ने आरोपियों के घर दबिश दी। पुलिस ने आरोपी गुलफाम, अफ्फान और रिजवान को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस की ओर से आरोपी गुलफाम, अफ्फान, रिजवान, मुन्ना, आरिफ, यूसुफ और यासीन निवासी मोहल्ला कुरैशियन लाइन पार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** नगर के गोला हाईवे पर गांव घनश्यामपुर के समीप बाइक फिसलने से युवक बाइक समेत पेड़ से जा टकराया। जिससे उसकी मौत हो गई। उधर हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस से परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।



मृतक आशीष कश्यप।

नगर के मोहल्ला हाथी खाना निवासी आशीष कश्यप ( 20 ) अपने भाई के साले मोहित के साथ शुक्रवार को बीसलपुर गया था। वहां से दोपहर करीब दो बजे वापस आते समय मोहल्ले के ही रहने वाले गुड्डू ने घनश्यामपुर चलने को कहा। इसके बाद तीनों एक ही बाइक पर घनश्यामपुर के लिए चल दिए। रास्ते में अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने के बाद पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में आशीष का सिर पेड़ में टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सरकारी अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस हादसे की सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इसी बीच परिजन पहुंच गए और उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। एसओ रंजीत सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराए जाने से इनकार किए जाने की वजह से पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।




























# पदकों के सफर को तैयार पैरालंपिक दल

## खेलमंत्री मांडविया बोले- पेरिस पैरालंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद




पैरालंपिक खेलों में भाग लेने वाले जाते खिलाड़ियों के विदाई समारोह में शामिल केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया व अन्य। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

अपनी जिंदगी में हर तरह की चुनौतियों को मात देकर पैरालंपिक खेलों में भारत के प्रतिनिधित्व के लिए तैयार खिलाड़ी एक बार फिर से पैरालंपिक खेलों में अपनी चमक बिखरने को तैयार है। पैरालंपिक खेलों का आयोजन 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पेरिस में होगा।

भारत के 84 सदस्यीय दल के लिए शुक्रवार को यहां आयोजित विदाई समारोह में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि उन्हें चुनौती को चुनौती देने वाले खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। इस मौके पर खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया और उद्‌घाटन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक सुमित अंतिल मौजूद थे। मांडविया ने पिछले कुछ वर्षों में पैरा खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा भारत का 84 सदस्यों का दल पेरिस जा रहा है। पिछली बार तोक्यो ओलंपिक में यह संख्या 56 थी। हमारे 56 खिलाड़ियों के दल ने 19 पदक जीते लेकिन इस बार हमारे खिलाड़ियों की संख्या 84 है। हमें उम्मीद और विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी पेरिस में पहले से अच्छा प्रदर्शन कर अपने माता पिता और देश का गौरव बढ़ायेंगे।

उन्होंने पैरालंपिक खिलाड़ियों से कहा, आप चुनौती को चुनौती देने वाले खिलाड़ी हो, आप विपरीत परिस्थिति को अनुकूल करने वाले लोग हो। आपको बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। इस मौके पर भाला फेंक चैंपियन सुमित और गोला फेंक की अनुभवी खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव को उद्‌घाटन समारोह के लिए भारतीय दल का ध्वजवाहक नामित किया गया। सुमित ने कहा मैं इन खेलों में एक बार फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। कोशिश रहेगी कि स्वर्ण पदक के साथ देश वापिस आए। तोक्यो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ने कहा इस बड़े आयोजन में देश का ध्वजवाहक होना गर्व की बात है। यह पहली बार है जब मैं पैरा खेलों के उद्‌घाटन समारोह का हिस्सा होउंगा। काफी अच्छा लग रहा है।


पीसीआई अध्यक्ष झाझड़िया ने कहा कि उन्हें भारतीय दल से 25 से ज्यादा पदक की उम्मीद है। उन्होंने कहा मैंने 25 पदक का लक्ष्य बताया है लेकिन मुझे उससे अधिक पदक की उम्मीद है। मैं खुद खिलाड़ी रहा हूं और मैंने भारतीय खिलाड़ियों की तैयारियों को करीब से देखा है। मुझे उन से काफी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। हम अगर इस लक्ष्य को हासिल कर सकें तो पदक तालिका में शीर्ष 20 देश में जगह बना सकते है। उन्होंने कहा कि उन्हें एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा सफलता की उम्मीद है।

### भाग्यश्री और सुमित होंगे पैरालंपिक में ध्वजवाहक

नई दिल्ली। पेरिस में 28 अगस्त से शुरु हो रही पैरालंपिक खेलों में भाग्यश्री जाधव और सुमित अंतिल भारत के ध्वजवाहक होंगे। इस बार के पैरालंपिक खेलों में भारत 84 सदस्यीय दल भेज रहा है। यह पैरालंपिक इतिहास में भारत का सबसे बड़ा दल है। इससे पहले टोक्यों ओलंपिक में 54 पैरालंपिक एथलीटों ने शिरकत की थी। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने बताया कि इस बार भारत तीन नए स्पर्धा पैरा साईकिलिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो में भी हिस्सा ले रहा है। इन तीनों खेलों को मिलाकर भारत पैरालंपिक में कुल 12 खेलों में चुनौती पेश करेंगे। महाराष्ट्र की भाग्यश्री ने 2022 एशियाई पैरा खेलों में गोला फेंक एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीता था और टोक्यो पैरालंपिक में सातवें स्थान पर रही थीं। उन्होंने फेजा विश्व कप और विश्व पैरा एथलेटिक्स खेलों में भी पदक जीते थे। स्टार पैरा भाला फेंक एथलीट सुमित ने 2020 टोक्यो पैरालंपिक में 68.55 मीटर के विश्व रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

## देश की प्रतिभाओं ने बढ़ाया है मान आगे भी प्रयास करते रहें : सेना प्रमुख

नई दिल्ली, एजेंसी



● सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदीने पेरिस ओलंपिक खिलाड़ियों को किया सम्मानित

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने हाल ही में आयोजित पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय सेना के खिलाड़ियों को शुक्रवार को सम्मानित करते हुए उम्मीद जताई कि सेना के एथलीट उत्कृष्टता और अधिक सफलता के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखेंगे।

पेरिस खेलों के दौरान भारतीय दल में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व 11.11 प्रतिशत (117 में से 13) था। सेना के खिलाड़ियों ने समग्र पदक तालिका में 16.66 प्रतिशत का योगदान दिया। इसमें सेना के सूबेदार मेजर भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का रजत पदक शामिल है। इस सम्मान समारोह को यहां साउथ ब्लॉक में आयोजित किया था और यह उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ देश में खेल प्रतिभाओं को निखारने में सेना द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने का भी अवसर था। जनरल द्विवेदी ने पेरिस खेलों में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उन्हें सम्मानित किया।

जनरल द्विवेदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सेना के खिलाड़ी उत्कृष्टता की अपनी खोज जारी रखेंगे और आने वाले दिनों में और भी अधिक ऊंचाइयां हासिल करेंगे। भारतीय सेना ने कहा भारतीय दल ने पेरिस ओलंपिक में कुल छह पदक जीते हैं जिसमें एक रजत और पांच कांस्य शामिल था। सेना के सूबेदार मेजर नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए भाला फेंक में एकमात्र रजत पदक जीता। उनका यह अनुकरणीय प्रदर्शन ओलंपिक खेलों में सेना के सबसे उल्लेखनीय प्रदर्शनों में से एक बन गया है। भारत की 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगाने की तैयारी को देखते हुए भारतीय सेना ओलंपिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## कोच के लिए करेंगे मानसिक तैयारी : श्रीजेश

कोच्चि। भारतीय हॉकी के महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश को यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि अगले दो तीन महीने पर खिलाड़ी से कोच बनने के लिये खुद को तैयार करने पर बिताएंगे। यहां उनके स्वागत में हवाई अड्डे से पालारिवत्तोम तक रोडशो किया गया। श्रीजेश ने कहा देश के लिए कड़ी मेहनत करके, कई कुर्बानियां देकर पदक जीता और यह सिर्फ मेरा नहीं बल्कि देश का पदक है। इस खुशी का हिस्सा बनना सोने पे सुहागे जैसा है। खुशी दुगुनी हो गई है। अब मुझे एक खिलाड़ी से एक कोच बनना है। इसके लिए मानसिक रूप से तैयारी करनी होगी। अगले दो तीन महीने वही करूंगा। यहां पहुंचने पर श्रीजेश के स्वागत के लिए काफी भीड़ जमा थी जिनमें कई विधायक भी थे। लोगों ने हाथ में श्रीजेश की तस्वीर वाले प्लेकार्ड ले रखे थे। रोडशो के दौरान खुली जीप में श्रीजेश ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्हें फूल, गुलदस्ते भेंट किए गए और लोगों में उनसे हाथ मिलाने की होड़ लगी थी। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया। अब वह जूनियर टीम के कोच होंगे।



## खेल डायरी




### दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 144 पर समेटा

प्रॉविडेंस। वियान मुल्डर (चार विकेट) और नांद्रे बर्गर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पहली पारी में 144 के स्कोर पर समेट दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने लंच तक बिना कोई विकेट खोए 30 रन बना लिए है। वेस्टइंडीज की पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 56 के स्कोर तक अपने छह विकेट गवां दिये थे। मिकाइल लुईस (शून्य), कप्तान क्रेग ब्रैथवेट (3), ऐलेक एथनेज (1), केवम हॉज (4) केसी कार्टी (26), जॉशुआ डासिल्वा (4) रन बनाकर आउट हुये। जेसन होल्डर ने टीम के लिए सर्वाधिक नाबाद 54 रनों की पारी खेली। गुडाकेश मोटी (11) और शमार जोसेफ ने (25) रनों की जुझारू पारी खेली। जेसन होल्डर के अलावा कोई भी बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका और वेस्टइंडीज की पूरी टीम 42.1 ओवर में 144 रन पर सिमट गई। इसी के साथ पहली पारी के आधार पर दक्षिण अफ्रीका को 16 रनों की बढ़त मिल गई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से वियान मुल्डर ने 32 रन देकर (चार विकेट) और नांद्रे बर्गर 49 रन देकर (तीन विकेट) लिए। केशव म्हाराज ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

### स्कॉटिश ओपन गोल्फः अदिति की निराशाजनक शुरुआत



इर्विन (स्कॉटलैंड)। भारतीय खिलाड़ी अदिति अशोक ने वुमेन स्कॉटिश ओपन गोल्फ के पहले दिन शुक्रवार को यहां नौ ओवर 81 के निराशाजनक कार्ड से शुरुआत की। अदिति संयुक्त रूप से 128वें स्थान पर है और अब उनके लिए कट में जगह बनाना काफी मुश्किल होगा। कट के दो ओवर के आस-पास रहने की संभावना है। पेरिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने के बाद यहां पहुंची अदिति ने सात बोगी और एक डबल बोगी की। ऑस्ट्रेलिया की मिनजी ली पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### ग्रां शतरंज टूर : प्रज्ञानानंदा, फिरोजा की बढ़त कायम

सेंट लुइस (अमेरिका)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा यहां सेंट लुइस रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अंतिम दिन भी आखिरी स्थान पर बने हुए है। हालांकि इससे पहले उन्होंने ब्लिट्ज वर्ग में दो बाजियां जीतीं। प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट से पूर्व दावेदारों में शामिल रूस के इयान नेपोमनियाश्चि और रूस के हिकारू नाकामुरा पर दो जीत दर्ज की। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रहे फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा से ड्रा खेला, पर वह ब्लिट्ज के पहले चरण के बचे हुए छह मैच गंवा बैठे जिससे वह तालिका में निचले स्थान पर बने हुए हैं। अब ब्लिट्ज वर्ग में केवल नौ ही दौर बचे है। फिरोजा ने मौकों का पूरा फायदा उठाया और 17.5 अंक से एकल बढ़त बनाए है। वह अमेरिका के वेस्ले सो और नेपोमनियाश्चि से 1.5 अंक आगे चल रहे है। नाकामुरा ने ब्लिट्ज वर्ग में प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत की और वह 13.5 अंक से छठे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं हमवतन फैबियानो कारूआना के 13 अंक है। अमेरिका के लेनियर डोमिंगुएज 12 अंक से आठवें स्थान पर हैं।

### नागल डेविस कप टीम में, मुकाबले से हटे युकी



नईदिल्ली। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की शुक्रवार को स्वीडन के खिलाफ विश्व ग्रुप एक मुकाबले के लिए डेविस कप टीम में वापसी हुई लेकिन युकी भांबरी ने 14-15 सितंबर के मुकाबले से बाहर रहने का विकल्प चुना है जिसमें पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन आशुतोष सिंह राष्ट्रीय टीम के नये कोच होंगे। नागल इस्लामाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रास कोर्ट पर हुए ऐतिहासिक मुकाबले में नहीं खेल पाए थे लेकिन फॉर्म में चल रहे इस खिलाड़ी ने स्टॉकहोम में होने वाले इनडोर हार्ड कोर्ट मुकाबले के लिए राष्ट्रीय टीम की अगुआई की है। शशिकुमार मुकुंद 476वें नंबर पर तीसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं इसलिए उन्हें नहीं चुना गया है। नागल के अलावा रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, पाकिस्तान के खिलाफ पदार्पण करने वाले निकी पूनाचा और पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा टीम का हिस्सा हैं। आर्यन शाह को रिजर्व खिलाड़ी चुना गया है। रोहन बोपन्ना के संन्यास लेने के बाद युकी डेविस कप में भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी हैं। युकी उपलब्ध नहीं हैं तो रामकुमार को एकल और युगल दोनों में खेलने के लिए कहा जा सकता है।

### डोपिंग में डिकवेला अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

कोलंबो। श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला को डोपिंग टेस्ट में विफल पाए जाने पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंधित कर दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट ने बताया कि डिकवेला पर निलंबन तत्काल प्रभाव से लागू होगा और तब तक जारी रहेगा जब तक कि आगे की सूचना न दी जाए। लंका प्रीमियर लीग के दौरान श्रीलंका एंटी-डोपिंग एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षण खेल की अखंडता बनाए रखने के लिए एसएलसी की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। खेल मंत्रालय और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के अनुसार की गई इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्रिकेट निषिद्ध पदार्थों के प्रभाव से मुक्त रहे।



परिवार और कोच जसपाल राणा के साथ दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर ● एजेंसी

## घुड़सवारी और स्केटिंग में हाथ आजमाएंगी मनु

नई दिल्ली, एजेंसी

● भरतनाट्यम, वॉयलिन और फिटनेस वर्कआउट के साथ काफी कुछ करना चाहती हैं भाकर

लगातार अभ्यास के दौरान पिस्टल रिकॉइल से उनके निशानेबाजी वाले हाथ में घाव हो गया लिहाजा ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर अब तीन महीने तक ब्रेक की हकदार है लेकिन यह उनके लिये छुट्टी नहीं होगी।

मनु के रूटीन में कोई बदलाव नहीं होगा यानी वह सुबह छह बजे उठकर योग करेंगी। इसके अलावा वह अपने कुछ शौक भी पूरे करना चाहती है जिसमें घुड़सवारी, स्केटिंग, भरतनाट्यम और वॉयलिन का अभ्यास शामिल है।

22 वर्षीया मनु शुक्रवार को अपने कोच और महान निशानेबाज जसपाल राणा के साथ खुलकर बातचीत की। हरियाणा के झज्जर की रहने वाली मनु ने कहा अब मेरे पास ब्रेक है तो मैं फिर से मार्शल आर्ट्स का अभ्यास कर सकती हूं। उन्होंने कहा मेरे पास पहले उतना समय नहनीं था लेकिन अब अपने शौक के लिये समय निकाल सकती हूं। मुझे घुड़सवारी का शौक है, स्केटिंग और फिटनेस वर्कआउट का शौक है। इसके अलावा मैं भरतनाट्यम सीख रही हूं। मुझे भारतीय नृत्य शैलियां पसंद है। वॉयलिन बजाना भी सीख रही हूं। मनु ने छुट्टी के लिए अपनी बकेट लिस्ट का खुलासा किया तो राणा के चेहरे पर मुस्कान आ गई जिन्होंने घुड़सवारी के लिए मना किया। कोच राणा ने कहा इस चोट की वजह से हम उसे तीन महीने का ब्रेक दे रहे हैं।

## अगले ओलंपिक चक्र में भागीदारी बढ़ाना लक्ष्य : नारंग

पेरिस। दल प्रमुख गगन नारंग ने हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि अब नये ओलंपिक चक्र में के लिये रोडमैप बनाने और लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले खेलों में भागीदारी बढ़ाने पर फोकस होना चाहिए।

भारत के 117 खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक में 16 खेलों में भाग लिया और छह पदक जीते। नारंग ने पेरिस से लौटने से पहले कहा मैं पदक विजेताओं को बधाई देना चाहता हूं। छह पदक मिलना अच्छा प्रयास है। निजी तौर पर मेरा मानना है कि हम कुछ और पदक जीत सकते थे। कुछ खिलाड़ी बहुत करीब आकर चूक गए। कम से कम छह खिलाड़ी चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा यह काफी अच्छा संकेत है और हमें इन नतीजों पर खुश होना चाहिए। हमें मजबूत खेल संस्कृति बनाने पर काम करना चाहिए ताकि भारत से प्रतिभागियों की संख्या बढ़ सके। अगले ओलंपिक चक्र में हमारा यही लक्ष्य होना चाहिए।

## हमने आत्मसमर्पण नहीं किया भविष्य में क्या होगा पता नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



● फोगाट बोलीं- विभिन्न परिस्थितियों में 2032 तक कर सकती है प्रतिस्पर्धा

अनुभवी पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को कहा कि विभिन्न परिस्थितियों में वह 2032 तक प्रतिस्पर्धा कर सकती है क्योंकि उनके अंदर अभी काफी कुश्ती बची है लेकिन उन्हें भविष्य के बारे में नहीं पता है। विनेश ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा फाइनल में 100 ग्राम अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित होने के बाद खेल से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने इस फैसले को खेल पंचाट (सीएएस) में चुनौती दी थी लेकिन उनकी अपील खारिज कर दी गई थी।

विनेश ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट में अपने बचपन के सपने, अपने पिता को खोने के बाद झेली कठिनाइयों को साझा किया। विनेश ने एक्स पर साझा पोस्ट में फाइनल के दिन अपने वजन करवाने की घटना का जिक्र करते हुए लिखा मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि हमने हार नहीं मानी, हमारे प्रयास नहीं रुके, लेकिन घड़ी रुक गई और समय ठीक नहीं था। मेरी किस्मत में शायद यही था। मेरी टीम, मेरे साथी भारतीयों और मेरे परिवार को ऐसा लगता है कि जिस लक्ष्य के लिए हम काम कर रहे थे और जिसे हासिल करने की हमने योजना बनाई थी वह अधूरा है। मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकती कि भविष्य में मेरे लिए रखा है लेकिन मुझे इस यात्रा का इंतजार है। मुझे यकीन है कि मैं जिस चीज में विश्वास करती हूं और सही चीज के लिए हमेशा लड़ती रहूंगी।

## अतीत को भूलें, भविष्य का सोचें : हरेंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी




● महिला हॉकी टीम को मुख्य कोच ने दी सलाह, लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 की तैयारी में जुटने का आ गया है समय, मेहनत करनी है

अतीत को भुलाकर भविष्य के बारे में सोचो, लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 की तैयारी में जुटे भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने अपनी टीम को यही सलाह दी है। तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी जहां पुरूष टीम ने लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता।

हरेंद्र ने इंटरव्यू में कहा जब मैं इस टीम के साथ फिर जुड़ा तो हमने इस पर विस्तार से बात की। मैं हमेशा सकारात्मक चीजें देखता हूं और मेरा मानना है कि उनके लिये कुछ बेहतर भविष्य के गर्भ में छिपा है। उन्होंने कहा लड़कियां टूटी हुई थी और पूरा देश उनके ओलंपिक नहीं खेल पाने से दुखी था लेकिन मैंने उनसे कहा कि कुछ बड़ा आपका इंतजार कर रहा है। इस साल अप्रैल में भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच बनने के बाद अपने पहले इंटरव्यू में उन्होंने कहा मैंने उनसे कहा कि अतीत को भूल जाओ और भविष्य के बारे में सोचो। मैंने इस मिशन को रोड टू एलए 2028 नाम दिया है और मुझे लगता हे कि यह सफर खूबसूरत होगा। इससे पहले 2017-18 में भारतीय महिला टीम के कोच रहे हरेंद्र ने कहा कि उनका लक्ष्य 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक है।

उन्होंने कहा भारत ने हॉकी में पहला ओलंपिक पदक 1928 में लॉस एंजिलिस में ही जीता था जब ध्यान चंद जी उस टीम का हिस्सा थे। इससे बेहतर क्या होगा कि हम सौ साल बाद उसी स्थान पर ओलंपिक पदक जीतें। यह पूछने पर कि वह टीम में क्या बदलाव लाना चाहते हैं। यह पूछने पर कि अमेरिका पुरूष हॉकी टीम के मुख्य कोच के रूप में अच्छी तनख्वाह छोड़कर उन्होंने लौटने का फैसला क्यो किया, उन्होंने कहा मैं अपने देश लौटकर और यहां महिला सशक्तिकरण के लिये अपना योगदान देकर खुश हूं। मुझे लगता है कि भारतीय हॉकी की सेवा का यह सुनहरा मौका है।

## अजीत, जय और अर्जुन पीकेएल नीलामी के दूसरे दिन बिके

मुंबई। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) की फ्रेंचाइजी टीमों ने शुक्रवार को खिलाड़ियों की नीलामी में अजीत वी कुमार, जय भगवान और अर्जुन राठी को आकर्षक राशि में खरीदा और टीम मालिकों ने दूसरे दिन कुल 16 करोड़ रुपये खर्च किए।

पहले दिन सचिन तंवर (2.15 करोड़ रुपये, तमिल थलाइवाज) और ईरान के मोहम्मदरेजा शादलोई चियानेह (हरियाणा स्टीलर्स, 2.07 करोड़ रुपये बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी थे। दूसरे दिन अजीत, जय भगवान, अर्जुन और मोहम्मद अमान कैटेगरी सी और डी में सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। अजीत को पुणेरी पल्टन ने 66 लाख रुपये में जबकि जय भगवान को बेंगलुरु बुल्स ने कैटेगरी सी में 63 लाख रुपये में खरीदा।

कैटेगरी डी में अर्जुन को बंगाल वॉरियर्स ने 41 लाख रुपये में खरीदा जबकि मोहम्मद अमान को पुणेरी पल्टन टीम ने 16.2 लाख रुपये में और स्टुअर्ट सिंह को यू मुम्बा ने 14.2 लाख रुपये में अपने दल में शामिल किया।

## ऑस्ट्रेलिया ए ने भारतीय महिला ए को हराकर हासिल की 2-0 की अजेय बढ़त

मैके (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी



दूसरे टी-20 में जीत दर्ज करने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम। ● एजेंसी

सलामी बल्लेबाज मैडी डार्के के नाबाद अर्धशतक और शानदार गेंदबाजी प्रयासों से ऑस्ट्रेलिया ए ने शुक्रवार को यहां दूसरे महिला वनडे मैच में भारत ए पर आठ विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

भारत ए महिला टीम 48 ओवर में 218 रन पर सिमट गयी जिसमें तेजल हसाबनिस ने 63 और राघवी बिष्ट ने 70 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए मैडी ने 115 गेंद में सात चौके जड़ित 106 रन की शतकीय पारी खेली और उनकी सलामी जोड़ीदार कैटी मैक (68 रन) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 22.4 ओवर में 131 रन की साझेदारी निभाई। कप्तान तहलिया मैकग्रा 32 रन बनाकर नाबाद रहीं जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 40.2 ओवर में दो विकेट पर 221 रन बनाए। कप्तान और मैडी ने तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी निभाई। भारतीय गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजों को ताबड़तोड़ रन बनाने से रोक नहीं सकीं जबकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें मैतलान ब्राउन, निकोला हैंकॉक और चार्ली नॉट ने मिलकर छह विकेट झटके। इससे भारतीय टीम 18 ओवर में 218 रन पर सिमट गई। तेजल और राघवी ने चौथे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी निभाई जिससे भारत का स्कोर 40 ओवर में तीन विकेट पर 176 रन पहुंच गया था, लेकिन भारतीय बल्लेबाज इसका फायदा नहीं उठा सकीं और टीम ने बचे हुए सात विकेट आठ ओवर में महज 42 रन के अंदर गंवा दिए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक-नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

